GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF TRIBAL AFFAIRS
**RAJYA SABHA**
**STARRED QUESTION NO- *82**
TO BE ANSWERED ON- 14/12/2022

## EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOLS

*82. SHRI ANIL DESAI:

Will the Minister of TRIBAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that to boost the standard of tribal people, Government have introduced Eklayvya Model Residential Schools(EMRSs) in the country;

(b) the number of students enrolled till the current year in established EMRSs in the country;

(c) whether Government plans to expand the number of such schools, district-wise , especially in Maharashtra;

(d) the admission criteria for enrollment in Eklavya Model Residential Schools to give easy access and provide benefit to ST students; and

(e) the details of funds allocated/utilized for the said EMRS during the last two years?

## ANSWER

MINISTER OF TRIBAL AFFAIRS
(SHRI ARJUN MUNDA)

**(a) to (e):** A Statement is laid on the Table of the House.

*****

**STATEMENT REFERRED TO IN REPLY TO RAJYA SABHA STARRED QUESTION NO. *82 FOR 14.12.2022 RAISED BY SHRI ANIL DESAI REGARDING "EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOLS".**

**(a):** Yes Sir. The scheme of Eklavya Model Residential Schools (EMRSs) was earlier funded as one of the components of the programme of Grants under Article 275(1) of the Constitution of India. In the year 2018-19, it was made a Central Sector Scheme to provide quality upper primary, secondary, and senior secondary level education (Class 6th to 12th) to Scheduled Tribes (ST) students in remote areas to enable them to access the best opportunities in education and to bring them at par with the general population.

**(b):** Presently, EMRSs are managed by the EMRS Societies under State/UT Governments and data related to enrollment is maintained by them. However, as reported by States/ UTs in current academic year, 1,05,463 students are enrolled.

**(c):** Government has decided to establish one EMRS in every block with more than 50% ST population and at least 20,000 ST persons (as per 2011 census). Accordingly, Ministry has set the target of setting up 740 EMRSs across the country including 39 EMRSs in the State of Maharashtra. As on date, 689 EMRSs including 37 EMRSs in Maharashtra have been sanctioned across the country. District-wise numbers of sanctioned EMRSs across the country including Maharashtra is at **Annexure**.

**(d):** The admission criteria for enrollment in Eklavya Model Residential Schools to give easy access and provide benefit to ST students are as under:

i. Admission to Class VI in EMRSs is based on Selection Test (EMRSST).
ii. Lateral entry from class VII-IX is also based on Selection Test (EMRSLT) which may be conducted at school level depending upon the number of vacancies.
iii. 80% seats are reserved for ST children, 5% for children belonging to PVTG, 5% for children belonging to DNT/NT/SNT community and the remaining 10% for children who have lost their parents to LWE/insurgencies/Covid-19 and children of widows/divyang parent/ land donors etc.

**(e):** Under the scheme of EMRS, funds are released by the Ministry to National Education Society for Tribal Students (NESTS) for implementation of the scheme and NESTS further releases funds to State Societies and Construction Agencies etc. as per their requirements. The details of funds released by the Ministry to NESTS and utilization reported by NESTS during the last two years is as under:

**(Amount in Crores)**

| Financial year | Fund released by MoTA | Utilization reported by NESTS |
|---|---|---|
| **2020-21** | 1199.98 | 1199.98 |
| **2021-22** | 1057.74 | 301.00* |

* UC for the remaining amount is not due as on date.

**Annexure**

**Annexure as referred in part (c) of the reply to Rajya Sabha Starred Question No. *82 raised by Shri Anil Desai to be answered on 14.12.2022 regarding "Eklavya Model Residential Schools"**

| S.N. | State | S.N. | District | Number of EMRSs |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **Andhra Pradesh** | 1. | Chittoor | 1 |
| | | 2. | East Godavari | 6 |
| | | 3. | Prakasam | 1 |
| | | 4. | SPS Nellore | 2 |
| | | 5. | Srikakulam | 2 |
| | | 6. | Visakhapatanam | 11 |
| | | 7. | Vizianagaram | 4 |
| | | 8. | West Godavari | 1 |
| 2. | **Arunachal Pradesh** | 1. | East Kameng | 2 |
| | | 2. | Kurung Kumey | 1 |
| | | 3. | Lohit | 1 |
| | | 4. | Lower Dibang Valley | 1 |
| | | 5. | Lower Subansiri | 1 |
| | | 6. | Tawang | 1 |
| | | 7. | Tirap | 1 |
| | | 8. | West Siang | 2 |
| 3. | **Assam** | 1. | Baksa | 2 |
| | | 2. | Barpeta | 1 |
| | | 3. | Dhemaji | 1 |
| | | 4. | Dima Hasao | 2 |
| | | 5. | Goalpara | 1 |
| | | 6. | Kamrup | 1 |
| | | 7. | Karbi Anglong | 4 |
| | | 8. | Kokrajhar | 1 |
| | | 9. | Udalguri | 1 |
| 4. | **Bihar** | 1. | Jamui | 1 |
| | | 2. | Kaimur (Bhabua) | 1 |
| | | 3. | West Champaran | 1 |
| 5. | **Chhattisgarh** | 1. | Balod | 1 |
| | | 2. | Baloda Bazar | 1 |
| | | 3. | Balrampur | 6 |
| | | 4. | Bastar | 6 |
| | | 5. | Bijapur | 4 |
| | | 6. | Bilaspur | 1 |
| | | 7. | Dantewada | 4 |
| | | 8. | Dhamtari | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 9. | Gariyaband | 2 |
| | | 10. | Gaurella Pendra Marwahi | 2 |
| | | 11. | Janjgir Champa | 1 |
| | | 12. | Jashpur | 5 |
| | | 13. | Kabirdham | 1 |
| | | 14. | Kanker | 5 |
| | | 15. | Kondagaon | 5 |
| | | 16. | Korba | 3 |
| | | 17. | Koriya | 3 |
| | | 18. | Mahasamund | 1 |
| | | 19. | Mungeli | 1 |
| | | 20. | Narayanpur | 2 |
| | | 21. | Raigarh | 4 |
| | | 22. | Rajnandgaon | 3 |
| | | 23. | Sukma | 3 |
| | | 24. | Surajpur | 4 |
| | | 25. | Surguja | 5 |
| 6. | **Dadra & Nagar Haveli and Daman & Diu** | 1. | Dadra & Nagar Haveli | 1 |
| 7. | **Gujarat** | 1. | Arvalli | 2 |
| | | 2. | Banas Kantha | 3 |
| | | 3. | Bharuch | 2 |
| | | 4. | Chhotaudepur | 4 |
| | | 5. | Dahod | 5 |
| | | 6. | Dang | 2 |
| | | 7. | Mahisagar | 2 |
| | | 8. | Narmada | 5 |
| | | 9. | Navsari | 1 |
| | | 10. | Panch Mahal | 1 |
| | | 11. | Sabar Kantha | 2 |
| | | 12. | Surat | 3 |
| | | 13. | Tapi | 5 |
| | | 14. | Vadodara | 1 |
| | | 15. | Valsad | 3 |
| 8. | **Himachal Pradesh** | 1. | Chamba | 2 |
| | | 2. | Kinnaur | 1 |
| | | 3. | Lahaul and Spiti | 1 |
| 9. | **Jammu & Kashmir** | 1. | Anantnag | 1 |
| | | 2. | Bandipora | 1 |
| | | 3. | Kulgam | 1 |
| | | 4. | Poonch | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 5. | Rajouri | 2 |
| 10. | **Jharkhand** | 1. | Chatra | 1 |
| | | 2. | Dhanbad | 1 |
| | | 3. | Dumka | 5 |
| | | 4. | East Singhbhum | 5 |
| | | 5. | Garhwa | 1 |
| | | 6. | Giridih | 1 |
| | | 7. | Godda | 1 |
| | | 8. | Gumla | 11 |
| | | 9. | Jamtara | 1 |
| | | 10. | Khunti | 6 |
| | | 11. | Latehar | 4 |
| | | 12. | Lohardaga | 6 |
| | | 13. | Pakur | 3 |
| | | 14. | Palamu | 1 |
| | | 15. | Ranchi | 9 |
| | | 16. | Sahibganj | 5 |
| | | 17. | Saraikela Kharsawan | 3 |
| | | 18. | Simdega | 8 |
| | | 19. | West Singhbhum | 16 |
| 11. | **Karnataka** | 1. | Belgaum | 1 |
| | | 2. | Bellary | 1 |
| | | 3. | Chamarajanagar | 1 |
| | | 4. | Chikkamagaluru | 1 |
| | | 5. | Chitradurga | 1 |
| | | 6. | Kalaburagi | 1 |
| | | 7. | Kodagu | 1 |
| | | 8. | Kolar | 1 |
| | | 9. | Mysuru | 1 |
| | | 10. | Raichur | 1 |
| | | 11. | Tumakuru | 1 |
| | | 12. | Yadgir | 1 |
| 12. | **Kerala** | 1. | Idukki | 1 |
| | | 2. | Kasaragod | 1 |
| | | 3. | Palakkad | 1 |
| | | 4. | Wayanad | 1 |
| 13. | **Ladakh** | 1. | Kargil | 2 |
| | | 2. | Leh | 1 |
| 14. | **Madhya Pradesh** | 1. | Alirajpur | 4 |
| | | 2. | Anuppur | 2 |
| | | 3. | Balaghat | 2 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. | Barwani | 5 |
| | | 5. | Betul | 4 |
| | | 6. | Bhopal | 1 |
| | | 7. | Burhanpur | 1 |
| | | 8. | Chhindwara | 4 |
| | | 9. | Dhar | 7 |
| | | 10. | Dindori | 4 |
| | | 11. | Guna | 1 |
| | | 12. | Harda | 1 |
| | | 13. | Hoshangabad | 1 |
| | | 14. | Indore | 2 |
| | | 15. | Jabalpur | 3 |
| | | 16. | Jhabua | 4 |
| | | 17. | Khandwa | 1 |
| | | 18. | Khargone | 4 |
| | | 19. | Mandla | 5 |
| | | 20. | Ratlam | 2 |
| | | 21. | Satna | 2 |
| | | 22. | Sehore | 1 |
| | | 23. | Seoni | 2 |
| | | 24. | Shahdol | 3 |
| | | 25. | Sheopur | 1 |
| | | 26. | Sidhi | 1 |
| | | 27. | Singrauli | 1 |
| | | 28. | Umaria | 1 |
| 15. | **Maharashtra** | 1. | Ahmednagar | 1 |
| | | 2. | Amravati | 2 |
| | | 3. | Chandrapur | 1 |
| | | 4. | Dhule | 2 |
| | | 5. | Gadchiroli | 7 |
| | | 6. | Gondiya | 1 |
| | | 7. | Nagpur | 1 |
| | | 8. | Nanded | 1 |
| | | 9. | Nandurbar | 6 |
| | | 10. | Nashik | 8 |
| | | 11. | Palghar | 5 |
| | | 12. | Thane | 1 |
| | | 13. | Yavatmal | 1 |
| 16. | **Manipur** | 1. | Chandel | 2 |
| | | 2. | Churachandpur | 4 |
| | | 3. | Kamjong | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. | Kangpokpi | 3 |
| | | 5. | Pherzawl | 1 |
| | | 6. | Senapati | 3 |
| | | 7. | Tamenglong | 4 |
| | | 8. | Tengnoupal | 1 |
| | | 9. | Ukhrul | 2 |
| 17. | **Meghalaya** | 1. | East Garo Hills | 3 |
| | | 2. | East Garo Hills | 2 |
| | | 3. | East Khasi Hills | 4 |
| | | 4. | Jaintia Hills | 3 |
| | | 5. | Ri-Bhoi | 2 |
| | | 6. | South Garo Hills | 4 |
| | | 7. | West Garo Hills | 4 |
| | | 8. | West Khasi Hills | 5 |
| 18. | **Mizoram** | 1. | Aizawl | 3 |
| | | 2. | Champhai | 3 |
| | | 3. | Kolasib | 1 |
| | | 4. | Lawngtlai | 2 |
| | | 5. | Lunglei | 3 |
| | | 6. | Mamit | 2 |
| | | 7. | Saiha | 1 |
| | | 8. | Serchhip | 1 |
| | | 9. | Siaha | 1 |
| 19. | **Nagaland** | 1. | Mon | 2 |
| | | 2. | Dimapur | 2 |
| | | 3. | Kiphire | 1 |
| | | 4. | Kohima | 3 |
| | | 5. | Longleng | 1 |
| | | 6. | Mokokchung | 5 |
| | | 7. | Peren | 2 |
| | | 8. | Phek | 1 |
| | | 9. | Tuensang | 3 |
| | | 10. | Wokha | 1 |
| | | 11. | Zunheboto | 1 |
| 20. | **Odisha** | 1. | Balangir | 1 |
| | | 2. | Baleshwar | 1 |
| | | 3. | Debagarh | 1 |
| | | 4. | Dhenkanal | 1 |
| | | 5. | Gajapati | 4 |
| | | 6. | Jajapur | 1 |
| | | 7. | Jharsuguda | 2 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 8. | Kalahandi | 2 |
| | | 9. | Kandhamal | 8 |
| | | 10. | Kendujhar | 8 |
| | | 11. | Koraput | 9 |
| | | 12. | Malkangiri | 5 |
| | | 13. | Mayurbhanj | 23 |
| | | 14. | Nabarangpur | 8 |
| | | 15. | Nuapada | 1 |
| | | 16. | Rayagada | 9 |
| | | 17. | Sambalpur | 4 |
| | | 18. | Sundargarh | 16 |
| 21. | **Rajasthan** | 1. | Alwar | 2 |
| | | 2. | Banswara | 6 |
| | | 3. | Baran | 1 |
| | | 4. | Dungarpur | 4 |
| | | 5. | Jaipur | 2 |
| | | 6. | Karauli | 1 |
| | | 7. | Pratapgarh | 4 |
| | | 8. | Sawai Madhopur | 1 |
| | | 9. | Sirohi | 1 |
| | | 10. | Tonk | 1 |
| | | 11. | Udaipur | 8 |
| 22. | **Sikkim** | 1. | East District | 1 |
| | | 2. | North District | 1 |
| | | 3. | South District | 1 |
| | | 4. | West District | 1 |
| 23. | **Tamil Nadu** | 1. | Kallakurichi | 1 |
| | | 2. | Kanchipuram | 1 |
| | | 3. | Namakkal | 1 |
| | | 4. | Salem | 2 |
| | | 5. | The Nilgiris | 1 |
| | | 6. | Thiruppathur | 1 |
| | | 7. | Thiruvanna Malai | 1 |
| 24. | **Telangana** | 1. | Adilabad | 3 |
| | | 2. | Bhadradri Kothagudem | 7 |
| | | 3. | Kamareddy | 1 |
| | | 4. | Khammam | 1 |
| | | 5. | Komaram Bheem Asifabad | 1 |
| | | 6. | Mahabubabad | 5 |
| | | 7. | Mahabubnagar | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 8. | Nagarkurnool | 1 |
| | | 9. | Nizamabad | 1 |
| | | 10. | Rajanna Sircilla | 2 |
| 25. | **Tripura** | 1. | Dhalai | 4 |
| | | 2. | Gomati | 5 |
| | | 3. | Khowai | 3 |
| | | 4. | North Tripura | 3 |
| | | 5. | Sepahijala | 1 |
| | | 6. | South Tripura | 1 |
| | | 7. | Unakoti | 1 |
| | | 8. | West Tripura | 3 |
| 26. | **Uttar Pradesh** | 1. | Bahraich | 1 |
| | | 2. | Kheri | 1 |
| | | 3. | Lalitpur | 1 |
| | | 4. | Sonbhadra | 1 |
| 27. | **Uttarakhand** | 1. | Dehradun | 2 |
| | | 2. | Udam Singh Nagar | 2 |
| 28. | **West Bengal** | 1. | Bankura | 1 |
| | | 2. | Barddhaman | 1 |
| | | 3. | Birbhum | 1 |
| | | 4. | Dakshin Dinajpur | 1 |
| | | 5. | Darjiling | 1 |
| | | 6. | Jalpaiguri | 1 |
| | | 7. | Jhargram | 1 |
| | | 8. | Purulia | 1 |
| | **Total 264 Districts** | | **Grand Total** | **689** |

*****

भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
**राज्य सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या- *82**
उत्तर देने की तारीख- 14/12/2022

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय**

*82 श्री अनिल देसाई:
क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने जनजातीय लोगों के स्तर को ऊपर उठाने के लिए देश में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) शुरू किए हैं;

(ख) देश में स्थापित ईएमआरएस में वर्तमान वर्ष तक नामांकित छात्रों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार की विशेष रूप से महाराष्ट्र में जिला-वार ऐसे स्कूलों की संख्या बढ़ाने की योजना है;

(घ) एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में दाखिले के लिए आसान पहुंच और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को लाभ प्रदान करने के लिए प्रवेश मानदंड क्या हैं; और

(ङ) विगत दो वर्षों के दौरान उक्त ईएमआरएस के लिए आवंटित/उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य मंत्री
(श्री अर्जुन मुंडा)

**(क) से (ङ):** विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**"एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय" के संबंध में श्री अनिल देसाई द्वारा दिनांक 14.12.2022 को उठाए गए राज्य सभा के तारांकित प्रश्न संख्या *82 के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**(क)** हाँ श्रीमान। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की योजना को पहले भारत के संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत अनुदान कार्यक्रम के घटकों में से एक के रूप में वित्तपोषित किया गया था। वर्ष 2018-19 में, दूरस्थ क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) के छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम अवसरों तक पहुंच बनाने और उन्हें सामान्य आबादी के बराबर लाने के लिए गुणवत्तापूर्ण उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर की शिक्षा (कक्षा 6वीं से 12वीं) प्रदान करने के लिए इसे केंद्रीय क्षेत्र की योजना बनाया गया था।

**(ख)** ईएमआरएस का प्रबंधन राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के तहत ईएमआरएस सोसायटियों द्वारा किया जाता है और नामांकन से संबंधित डेटा उनके द्वारा बनाए रखा जाता है। हालांकि, जैसा कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा सूचित किया गया है कि चालू शैक्षणिक वर्ष में 1,05,463 छात्र नामांकित हैं।

**(ग)** सरकार ने 50% से अधिक अनुसूचित जनजाति की आबादी वाले और कम से कम 20,000 जनजातीय लोगों (2011 की जनगणना के अनुसार) वाले प्रत्येक ब्लॉक में एक ईएमआरएस स्थापित करने का निर्णय लिया है। तदनुसार, मंत्रालय ने महाराष्ट्र राज्य में 39 ईएमआरएस सहित देश भर में 740 ईएमआरएस स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। अब तक, पूरे देश में महाराष्ट्र में 37 ईएमआरएस सहित 689 ईएमआरएस स्वीकृत किए गए हैं। महाराष्ट्र सहित देश भर में स्वीकृत ईएमआरएस की जिले-वार संख्या **अनुलग्नक** में है।

**(घ)** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए आसान पहुंच और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को लाभ प्रदान करने के लिए प्रवेश मानदंड निम्नानुसार हैं:

i. ईएमआरएस में छठी कक्षा में प्रवेश चयन परीक्षा (ईएमआरएसएसटी) पर आधारित है।

ii. कक्षा VII-IX से लेटरल एंट्री भी चयन परीक्षा (ईएमआरएसएलटी) पर आधारित है, जो रिक्तियों की संख्या के आधार पर स्कूल स्तर पर आयोजित की जा सकती है।

iii. 80% सीटें अ.ज.जा. बच्चों के लिए आरक्षित हैं, 5% पीवीटीजी से संबंधित बच्चों के लिए, 5% डीएनटी/एनटी/एसएनटी समुदाय से संबंधित बच्चों के लिए और शेष 10% उन बच्चों के लिए जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद/विद्रोह/कोविड-19 में खो दिया और विधवाओं के बच्चे/दिव्यांग माता-पिता/भूमि दाता या अनाथ बच्चे आदि के लिए आरक्षित हैं।

**(ङ):** ईएमआरएस योजना के तहत, योजना के कार्यान्वयन के लिए मंत्रालय द्वारा नेशनल एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स (एनईएसटीएस) को निधियां जारी की जाती हैं और एनईएसटीएस आगे राज्य सोसायटी और निर्माण एजेंसियों आदि को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार निधियां जारी करता है। मंत्रालय द्वारा एनईएसटीएस को जारी की गई धनराशि और पिछले दो वर्षों के दौरान एनईएसटीएस द्वारा सूचित (रिपोर्ट) किए गए उपयोग का विवरण निम्नानुसार है:

**(राशि करोड़ में)**

| वित्त वर्ष | एमओटीए द्वारा निर्मुक्त की गई निधि | एनईएसटीएस द्वारा रिपोर्ट किया गया उपयोग |
|---|---|---|
| 2020-21 | 1199.98 | 1199.98 |
| 2021-22 | 1057.74 | 301.00* |

* शेष राशि के लिए उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) तिथि के अनुसार देय नहीं है।

**अनुलग्नक**

**"एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय" के संबंध में श्री अनिल देसाई द्वारा दिनांक 14.12.2022 को उठाए गए राज्य सभा के तारांकित प्रश्न संख्या *82 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

| क्र.सं. | राज्य | क्र.सं. | जिला | ईएमआरएस की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | | चित्तूर | 1 |
| | | | पूर्वी गोदावरी | 6 |
| | | | प्रकाशम | 1 |
| | | | एसपीएस नेल्लोर | 2 |
| | | | श्रीकाकुलम | 2 |
| | | | विशाखापत्तनम | 11 |
| | | | विजयनगरम | 4 |
| | | | पश्चिम गोदावरी | 1 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | | पूर्वी कामेंग | 2 |
| | | | कुरुंग कुमे | 1 |
| | | | लोहित | 1 |
| | | | निचली दिबांग घाटी | 1 |
| | | | निचला सुबनसिरी | 1 |
| | | | तवांग | 1 |
| | | | तिरप | 1 |
| | | | पश्चिम सियांग | 2 |
| 3. | असम | | बक्सा | 2 |
| | | | बारपेटा | 1 |
| | | | धेमाजी | 1 |
| | | | दीमा हसाओ | 2 |
| | | | गोलपाड़ा | 1 |
| | | | कामरूप | 1 |
| | | | कार्बी आंगलोंग | 4 |
| | | | कोकराझार | 1 |
| | | | उदलगुडी | 1 |
| 4. | बिहार | | जमुई | 1 |
| | | | कैमूर (भभुआ) | 1 |
| | | | पश्चिमी चंपारण | 1 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | | बालोद | 1 |
| | | | बलौदा बाजार | 1 |
| | | | बलरामपुर | 6 |
| | | | बस्तर | 6 |
| | | | बीजापुर | 4 |
| | | | बिलासपुर | 1 |
| | | | दंतेवाड़ा | 4 |
| | | | धमतरी | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | गरियाबंद | 2 |
| | | | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 2 |
| | | | जांजगीर चांपा | 1 |
| | | | जशपुर | 5 |
| | | | कबीरधाम | 1 |
| | | | कांकेर | 5 |
| | | | कोंडागांव | 5 |
| | | | कोरबा | 3 |
| | | | कोरिया | 3 |
| | | | महासमुंद | 1 |
| | | | मुंगेली | 1 |
| | | | नारायणपुर | 2 |
| | | | रायगढ़ | 4 |
| | | | राजनंदगांव | 3 |
| | | | सुकमा | 3 |
| | | | सूरजपुर | 4 |
| | | | सरगुजा | 5 |
| 6. | दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव | 1. | दादरा और नगर हवेली | 1 |
| 7. | गुजरात | | अरावली | 2 |
| | | | बनास कांठा | 3 |
| | | | भरूच | 2 |
| | | | छोटाउदेपुर | 4 |
| | | | दाहोद | 5 |
| | | | डैंग | 2 |
| | | | महिसागर | 2 |
| | | | नर्मदा | 5 |
| | | | नवसारी | 1 |
| | | | पंच महल | 1 |
| | | | साबर कांठा | 2 |
| | | | सूरत | 3 |
| | | | तापी | 5 |
| | | | वडोदरा | 1 |
| | | | वलसाड | 3 |
| 8. | हिमाचल प्रदेश | | चंबा | 2 |
| | | | किन्नौर | 1 |
| | | | लाहौल और स्पीति | 1 |
| 9. | जम्मू और कश्मीर | | अनंतनाग | 1 |
| | | | बांदीपुरा | 1 |
| | | | कुलगाम | 1 |
| | | | पूंछ | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | राजौरी | 2 |
| 10. | झारखंड | | चतरा | 1 |
| | | | धनबाद | 1 |
| | | | दुमका | 5 |
| | | | पूर्वी सिंहभूम | 5 |
| | | | गढ़वा | 1 |
| | | | गिरिडीह | 1 |
| | | | गोड्डा | 1 |
| | | | गुमला | 11 |
| | | | जामताड़ा | 1 |
| | | | खूंटी | 6 |
| | | | लातेहार | 4 |
| | | | लोहरदगा | 6 |
| | | | पाकुर | 3 |
| | | | पलामू | 1 |
| | | | रांची | 9 |
| | | | साहिबगंज | 5 |
| | | | सरायकेला खरसावां | 3 |
| | | | सिमडेगा | 8 |
| | | | पश्चिमी सिंहभूम | 16 |
| 11. | कर्नाटक | | बेलगाम | 1 |
| | | | बेल्लारी | 1 |
| | | | चामराजनगर | 1 |
| | | | चिक्कामगलुरु | 1 |
| | | | चित्रदुर्ग | 1 |
| | | | कालाबुरगी | 1 |
| | | | कोडागू | 1 |
| | | | कोलार | 1 |
| | | | मैसूर | 1 |
| | | | रायचूर | 1 |
| | | | तुमकुरु | 1 |
| | | | यादगीर | 1 |
| 12. | केरल | | इडुक्की | 1 |
| | | | कासरगोड | 1 |
| | | | पलक्कड़ | 1 |
| | | | वायनाड | 1 |
| 13. | लद्दाख | | कारगिल | 2 |
| | | | लेह | 1 |
| 14. | मध्य प्रदेश | | अलीराजपुर | 4 |
| | | | अनूपपुर | 2 |
| | | | बालाघाट | 2 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | बड़वानी | 5 |
| | | | बेतुल | 4 |
| | | | भोपाल | 1 |
| | | | बुरहानपुर | 1 |
| | | | छिंदवाड़ा | 4 |
| | | | धार | 7 |
| | | | डिंडोरी | 4 |
| | | | गुना | 1 |
| | | | हरदा | 1 |
| | | | होशंगाबाद | 1 |
| | | | इंदौर | 2 |
| | | | जबलपुर | 3 |
| | | | झाबुआ | 4 |
| | | | खंडवा | 1 |
| | | | खरगोन | 4 |
| | | | मंडला | 5 |
| | | | रतलाम | 2 |
| | | | सतना | 2 |
| | | | सीहोर | 1 |
| | | | सिवनी | 2 |
| | | | शाहडोल | 3 |
| | | | श्योपुर | 1 |
| | | | सीधी | 1 |
| | | | सिंगरौली | 1 |
| | | | उमरिया | 1 |
| 15. | महाराष्ट्र | | अहमदनगर | 1 |
| | | | अमरावती | 2 |
| | | | चंद्रपुर | 1 |
| | | | धुले | 2 |
| | | | गडचिरोली | 7 |
| | | | गोंदिया | 1 |
| | | | नागपुर | 1 |
| | | | नांदेड़ | 1 |
| | | | नंदुरबार | 6 |
| | | | नासिक | 8 |
| | | | पालघर | 5 |
| | | | ठाणे | 1 |
| | | | यवतमाल | 1 |
| 16. | मणिपुर | | चंदेल | 2 |
| | | | चुराचांदपुर | 4 |
| | | | कामजोंग | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | कांगपोकपी | 3 |
| | | | फेरज़ावल | 1 |
| | | | सेनापति | 3 |
| | | | तामेंगलांग | 4 |
| | | | टेंग्नौपाल | 1 |
| | | | उखरूल | 2 |
| 17. | मेघालय | | ईस्ट गारो हिल्स | 3 |
| | | | ईस्ट गारो हिल्स | 2 |
| | | | पूर्वी खासी हिल्स | 4 |
| | | | जैंतिया हिल्स | 3 |
| | | | री-भोई | 2 |
| | | | दक्षिण गारो हिल्स | 4 |
| | | | पश्चिम गारो हिल्स | 4 |
| | | | पश्चिम खासी हिल्स | 5 |
| 18. | मिजोरम | | आइजोल | 3 |
| | | | चम्फाई | 3 |
| | | | कोलासिब | 1 |
| | | | लौंगतलाई | 2 |
| | | | लुंगलेई | 3 |
| | | | मामित | 2 |
| | | | सैहा | 1 |
| | | | सेरछिप | 1 |
| | | | सीअहा | 1 |
| 19. | नागालैंड | | मोन | 2 |
| | | | दीमापुर | 2 |
| | | | किफायर | 1 |
| | | | कोहिमा | 3 |
| | | | लॉन्गलेंग | 1 |
| | | | मोकोकचुंग | 5 |
| | | | पेरेन | 2 |
| | | | फेक | 1 |
| | | | तुएनसांग | 3 |
| | | | वोखा | 1 |
| | | | जुन्हेबोटो | 1 |
| 20. | ओडिशा | | बलांगीर | 1 |
| | | | बालेश्वर | 1 |
| | | | देबगढ़ | 1 |
| | | | ढेंकनाल | 1 |
| | | | गजपति | 4 |
| | | | जाजापुर | 1 |
| | | | झारसुगुडा | 2 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | कालाहांडी | 2 |
| | | | कंधमाल | 8 |
| | | | केंदुझार | 8 |
| | | | कोरापुट | 9 |
| | | | मल्कानगिरी | 5 |
| | | | मयूरभंज | 23 |
| | | | नबरंगपुर | 8 |
| | | | नुआपाड़ा | 1 |
| | | | रायगढ़ | 9 |
| | | | संबलपुर | 4 |
| | | | सुंदरगढ़ | 16 |
| 21. | राजस्थान | | अलवर | 2 |
| | | | बांसवाड़ा | 6 |
| | | | बरन | 1 |
| | | | डूंगरपुर | 4 |
| | | | जयपुर | 2 |
| | | | करौली | 1 |
| | | | प्रतापगढ़ | 4 |
| | | | सवाई माधोपुर | 1 |
| | | | सिरोही | 1 |
| | | | टोंक | 1 |
| | | | उदयपुर | 8 |
| 22. | सिक्किम | | पूर्वी जिला | 1 |
| | | | उत्तरी जिला | 1 |
| | | | दक्षिण जिला | 1 |
| | | | पश्चिम जिला | 1 |
| 23. | तमिलनाडु | | कल्लाकुरिची | 1 |
| | | | कांचीपुरम | 1 |
| | | | नमक्कल | 1 |
| | | | सलेम | 2 |
| | | | नीलगिरी | 1 |
| | | | थिरुप्पथुर | 1 |
| | | | थिरुवन्ना मलाई | 1 |
| 24. | तेलंगाना | | आदिलाबाद | 3 |
| | | | भद्राद्री कोठागुडेम | 7 |
| | | | कामारेड्डी | 1 |
| | | | खम्मम | 1 |
| | | | कोमाराम भीम आसिफाबाद | 1 |
| | | | महबूबाबाद | 5 |
| | | | महबूबनगर | 1 |
| | | | नगरकुरनूल | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | निजामाबाद | 1 |
| | | | राजन्ना सिरसिला | 2 |
| 25. | त्रिपुरा | | धलाई | 4 |
| | | | गोमती | 5 |
| | | | खोवाई | 3 |
| | | | उत्तर त्रिपुरा | 3 |
| | | | सिपाहीजाला | 1 |
| | | | दक्षिण त्रिपुरा | 1 |
| | | | उनाकोटि | 1 |
| | | | पश्चिम त्रिपुरा | 3 |
| 26. | उत्तर प्रदेश | | बहराइच | 1 |
| | | | खेरी | 1 |
| | | | ललितपुर | 1 |
| | | | सोनभद्र | 1 |
| 27. | उत्तराखंड | | देहरादून | 2 |
| | | | उधम सिंह नगर | 2 |
| 28. | पश्चिम बंगाल | | बांकुड़ा | 1 |
| | | | बर्धमान | 1 |
| | | | बीरभूम | 1 |
| | | | दक्षिण दिनाजपुर | 1 |
| | | | दार्जिलिंग | 1 |
| | | | जलपाईगुडी | 1 |
| | | | झारग्राम | 1 |
| | | | पुरुलिया | 1 |
| | कुल 264 जिले | | कुल योग | 689 |

*****

**सुश्री कविता पाटीदार** : माननीय उपसभापति महोदय, मैं देश भर में एकलव्य आदर्श विद्यालय स्थापित करने के सरकार के सराहनीय कार्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहती हूँ कि क्या इन आवासीय विद्यालयों में स्किल डेवलपमेंट के लिए कोई योजना संचालित करने की योजना है? क्या छात्राओं के लिए कोई विशेष योजना संचालित करने की योजना है? इसके साथ ही, मध्य प्रदेश में कितने एकलव्य आदर्श विद्यालय संचालित हैं और कितने नये प्रस्तावित हैं?

**श्री उपसभापति** : आपने दो सवाल पूछे, लेकिन एक ही पूछना था।

**श्री अर्जुन मुंडा** : उपसभापति महोदय, माननीय सदस्या ने हमारे एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में स्किल डेवलपमेंट के प्रोग्राम के बारे में प्रश्न पूछा है। अभी इस बारे में कोई नीतिगत फैसला नहीं हुआ है, मगर आगामी दिनों में इस पर क्या किया जा सकता है, इस बारे में जरूर विचार किया जायेगा, क्योंकि आज वह समय आया है, जब हम लर्निंग-अर्निंग प्रोग्राम को साथ-साथ लेकर चलें।

महोदय, माननीय सदस्या ने दूसरा सवाल मध्य प्रदेश के बारे में पूछा है। इस समय मध्य प्रदेश में जो विद्यालय चल रहे हैं और जो स्वीकृत किये गये हैं, उनकी सूची भी उपलब्ध करा दी गई है, लेकिन मैं इसे पढ़कर सुनाना चाहता हूँ, ताकि ये स्कूल के मामले में पूरी जानकारी हासिल कर लें, हालांकि सभा पटल पर उत्तर रख दिया गया है। कुल मिलाकर, इस समय मध्य प्रदेश में...

**श्री उपसभापति** : माननीय मंत्री जी, अगर आपके पास जानकारी नहीं है, तो भिजवा दीजिएगा।

**श्री अर्जुन मुंडा** : महोदय, मध्य प्रदेश में कुल 70 विद्यालय स्वीकृत किये गये हैं, इस समय 63 विद्यालय फंक्शनल हैं और बाकी पर काम चल रहा है। माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा यह बहुत महत्वाकांक्षी योजना प्रारंभ की गई है, जो पूरे देश में चल रही है।

**प्रो. मनोज कुमार झा** : उपसभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से कुछ जानना चाहता हूँ। एक तो एकलव्य प्रताड़ना और एक्सक्लूज़न का प्रतीक है, इसलिए मैं समझता हूँ कि अगर इसका नाम बिरसा, फुले, पेरियार होता, तो बेहतर होता।

महोदय, ईएमआरएस खोलने की एक सीलिंग है कि 50 per cent in each block, यह आबादी होनी चाहिए। मैं समझता हूँ कि अगर इन विद्यालयों के विस्तार को देखें, तो क्या मिनिस्ट्री ऐसा सोच रही है कि इसे आबादी के लिहाज से प्रति ब्लॉक 50 से घटाकर 30 से 35 प्रतिशत किया जाए, शुक्रिया, जय हिन्द।

**श्री अर्जुन मुंडा** : माननीय उपसभापति महोदय, जो हमारी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है, जो ग्रंथ हैं, उनके अनुसार एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल का नामकरण किया गया है। वैसे मैं अर्जुन हूँ और इस नाते मैं कह सकता हूँ कि अर्जुन और एकलव्य का संवाद अब नये तरीके से प्रारंभ हो रहा

है। दूसरी बात, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि देश भर में 50 प्रतिशत से अधिक एवं 20,000 से अधिक आबादी वाले जितने भी ब्लॉक्स हैं, उन सभी ब्लॉक्स में ये विद्यालय बनाये जाएं, इसके लिए एक महत्वाकांक्षी योजना प्रारंभ की गई है। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में वित्त मंत्रालय द्वारा लगभग 29,000 करोड़ की इस योजना को स्वीकृत किया गया है। अब यह कार्य चल रहा है। इस कार्य की समाप्ति के बाद इसमें 740 स्कूल्स हो जाएँगे, यानी देश भर में जितने नवोदय विद्यालय हैं, उनसे अधिक एकलव्य मॉडल रेज़िडेंशियल स्कूल्स हो जाएँगे। जब यह योजना समाप्त हो जाएगी, उसके बाद आने वाले दिनों में ये रिसर्च प्रोग्राम्स यह पता लगाने के लिए लगातार चलते रहेंगे कि एजुकेश्नल सेक्टर में ट्राइबल अफेयर्स के माध्यम से आगे और क्या किया जा सकता है।

**श्री उपसभापति :** माननीय बिप्लब कुमार देब जी।

**श्री बिप्लब कुमार देब:** महोदय, मैं सबसे पहले प्रधान मंत्री जी को इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ कि देश भर में बड़ी मात्रा में एकलव्य विद्यालय स्थापित किए गए हैं। मैं त्रिपुरा से आता हूँ और वहाँ एक समय में केवल चार एकलव्य विद्यालय थे, लेकिन माननीय मंत्री जी ने वहाँ 18 एकलव्य विद्यालय दिए हैं। इसके लिए मैं इनको धन्यवाद देता हूँ।

इसके साथ-साथ, मैं माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूँ कि इन विद्यालयों का जो कंस्ट्रक्शन हो रहा है, वह समय पर पूरा हो, इसकी मॉनिटरिंग के लिए क्या कोई व्यवस्था है? अगर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है, तो वह व्यवस्था कब तक की जाएगी? यही मेरा प्रश्न है, धन्यवाद।

**श्री अर्जुन मुंडा:** उपसभापति महोदय, इसकी पूरी मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। हमारी एक नेस्ट्स एजेंसी है, जो कि मिशन मोड पर काम कर रही है और दूसरा, भारत सरकार की एक ऐसी संस्था है, जिसमें हमने आईआईटी को भी इन्वॉल्व किया है, ताकि वह समय-समय पर उसकी गुणवत्ता की जाँच करे। इसके अलावा, भारत सरकार की कई एजेंसियाँ साथ मिलकर काम कर रही हैं, क्योंकि यह प्रोजेक्ट देश भर में चल रहा है।

मैं यह भी बताना चाहता हूँ कि कुछ क्षेत्रों में जमीन से संबंधित कई समस्याएँ उभरकर सामने आईं, क्योंकि इसमें हम लोगों ने यह लक्ष्य रखा है कि मिनिमम 15 एकड़ और 25 एकड़ के बीच में लैंड उपलब्ध हो। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि इसमें हमने चार मैदान खेल के लिए और चार कम्पल्सरी गेम्स रखे हैं, ताकि प्रत्येक विद्यालय में यह सुविधा उपलब्ध हो सके, क्योंकि देश में खेल की जो संभावना है, उसको हम अपने एकलव्य मॉडल स्कूल में सही तरीके से प्रतिबिम्बित कर सकते हैं।

**श्री उपसभापति :** क्वेश्चन नम्बर 83. Shri Neeraj Dangi — Not present.